प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर जिले में उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश : कृषिमंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा– प्रदेश में उपलब्ध है 15 लाख 91 हजार मीट्रिक टन खाद।**
2. **लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक पारित : ऑनलाइन मनी गेमिंग, वित्तीय लेनदेन और विज्ञापनों पर लगेगा प्रतिबंध।**
3. **अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 25 अगस्त को आयेंगे लखनऊ : परिवार और गणमान्य लोगों के साथ स्कूली बच्च करेंगे भव्य स्वागत।** **और**
4. **अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के सभी 6 मंदिरों में 15 अक्टूबर से श्रद्धालु कर सकेंगे दर्शन : मंदिर में नवंबर में होगा ध्वजारोहण का आयोजन।**

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को भरोसा दिलाया है कि प्रदेश में कहीं भी उर्वरकों की कमी नहीं है। उन्होंने कहा है कि किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा मं खाद उपलब्ध है ऐसे में किसान खाद का अनावश्यक भंडारण न करें। मुख्यमंत्री ने जिलों में तैनात अधिकारियों को समय–समय पर निरीक्षण करने, किसानों से संवाद स्थापित**

करने और समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में आज प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रेसवार्ता में कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 15 लाख 91 हजार मीट्रिक टन फर्टिलाइजर उपलब्ध हैं। खरीफ 2024 में अब तक 32 लाख 7 हजार मीट्रिक टन खाद की बिक्री हुई है, जो पिछले साल की तुलना में साढ़े चार लाख मीट्रिक टन अधिक है। उन्होंने कहा कि खाद की जमाखोरी और कालाबाज़ारी करने वालों पर कड़ी कारवाई की जा रही है।

बाइट......

*हम लोगों ने अब तक 1196 फुटकर विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किये हैं। जहां पर ये कमियां पाई गई वो हाई प्राइस किये हुए थे या टैगिंग कर रहे थे। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। एक सौ बत्तीस थोक विक्रेताओं के खिलाफ हमने नोटिस जारी किया है जिसमें से तेरह को निलंबित किया गया है। चार के लाइसेंस निरस्त हुए हैं तिरानवे लोगों के खिलाफ हम लोगों ने एफआईआर दर्ज किया है।*

———————————

लोकसभा ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक 2025 पारित कर दिया है। यह विधेयक ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करने और हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने के बारे में है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन मनी गेमिंग समाज के लिए गंभोर चिंता का विषयहै। इस विधेयक का

उद्देश्य व्यक्तियों, विशेषकर युवाओं को ऐसे खेलों के प्रतिकूल प्रभाव से बचाना है। बाइट.....

*ऑनलाइन मनी गेम्स के कारण लोगों में एडिक्शन हो रहा है जगह जगह से इस तरह की खबरे आती है की परिवार की बचत सारी की सारी गेमिंग के अंदर चली गई। कई जगह एक्सट्रीम केसस है सुसाइड के एक तरीके से ये गेमिंग डिसऑर्डर बन गया है तो समाज का हित मध्यम वर्गीय परिवारों का हित युवाओं का हित वो बड़ा है उसी भावना को लेके आज इस बिल को सदन में पेश किया गया और लोकसभा में पास किया गय*

———————————

मऊ की सदर विधानसभा सीट से पूर्व विधायक अब्बास अंसारी को एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट स मिली 2 साल की सजा को आज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। मऊ की एमपी एमएलए कोर्ट ने 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण के मामले में अब्बास अंसारी को दो साल की सजा सुनाई थी, जिसके कारण विधानसभा से उनकी सदस्यता रद्द हो गई थी। अब्बास अंसारी ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी । कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद 30 जुलाई को फैसला रिजर्व कर लिया था।

———————————

अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 25 अगस्त को लखनऊ आएंगे। उनके आगमन को लेकर परिवार के साथ ही शहर के लोग भी उत्साहित हैं। 17 महीनों के बाद लखनऊ आ रहे शुभांशु के स्वागत के लिए चौधरी चरण

सिंह एयरपोर्ट पर कई गणमान्य लोगों के साथ बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी उपस्थित रहेंगे। प्रदेश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि शुभांशु का भव्य स्वागत किया जाएगा। बाइट.....

*हमारे लिए बडा गर्व का विषय है। शुभांशु शुक्ला जी स्पेस स्टेशन पर गए थे और सकुशल वापस आए है तो ये हमारे लिए पूरे देश के लिए गौरव की बात है। जिस दिन वो उत्तर प्रदेश की धरती पर अपना कदम रखेंगे। लखनऊ में आएंगे तो निश्चित रूप से हम सब लोग बहुत अच्छी तरीके से उनका स्वागत करेंगे।*

शुभांशु शुक्ला की बड़ी बहन शुचि मिश्रा ने कहा कि अंतरिक्ष मिशन पूरा कर के शुभांशु पहली बार अपने शहर लौट रहे हैं। पूरा परिवार उनके लखनऊ पहुंचने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा है और उनकी सफलता का जश्न मनाने का खास तैयारी कर रहा है। बाइट.....

*हम बहुत ज्यादा खुश है की फाइनली वो लोग लखनऊ वापस आ रहे है। हम तैयारी बिल्कुल कर रहे है की उनका प्रॉपर ग्रैंड वेलकम करा जाए। उनको प्रॉपरली उनकी सक्सेस पार्टी सेलिब्रेट करी जाए की उन्होंने इतना बड़ा मिशन अचीव किया है और वो वापस अपनी बर्थ प्लेस से आ रहे हैं। इससे अच्छी खुशी की बात और कोई नहीं हो सकती है।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

मुजफ्फरनगर में 22 अगस्त से 5 सितंबर के बीच अग्नि वीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। ज़िले के चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम और नुमाइश ग्राउंड के मैदान में आयोजित होने वाली इस भर्ती रैली में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 13 जिलों के करीब 17 हज़ार अभ्यर्थी शामिल होंगे।

———————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज आगरा में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के 91वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। समारोह में उन्होंने मेधावी छात्रों को पदक प्रदान किए गए। समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हर विद्यार्थी का पहला लक्ष्य शिक्षा प्राप्त करना होता है जो ज्ञान के साथ नैतिकता और संस्कार भी सिखाती है। उन्होंने छात्रों से जल संरक्षण करने का आह्वान किया। बाइट.....

*सबको ये सोचना पड़ेगा की हमारे घर में हम व्यक्तिगत रूप से पानी कितना बचा सकता है। व्यक्तिगत रूप से करना पड़ेगा। सरकार ने तो अपना काम कर रही हैं लेकिन व्यक्तिगत तरीके से हमें जो संकल्प करना चाहिए ये नहीं होता है।*

———————

अयोध्या में श्रीराम मंदिर परिसर में सभी 6 मंदिरों में 15 अक्टूबर से श्रद्धालु दर्शन पूजन कर सकेंगे। श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि निर्माण समिति की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि नवंबर में श्रीराम मंदिर के ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। इस कार्यक्रम में अयोध्या और आसपास के जिलों से ही अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा। बाइट.....

*दो दिन की ये जो समीक्षा बैठक इसमें लगभग ये सामने आ गयी बात की परकोटा, परकोटा के छह मंदिर, शेषावतार मंदिर इसमें दर्शन का प्रारंभ अक्टूबर में हो जाएगा। जनता को, दर्शनार्थियों को जाने के रास्ते साफ हो जाएँगे। सभी बाधाएं दूर हो जाएगी।*

———————————

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग ने अगस्त 2025 से 31 मार्च, 2026 तक विभिन्न जनपदों में सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर सप्ताह में एक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जाने का निर्णय लिया है। पेश है एक रिपोर्ट......

*पर्यटन विभाग ने इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों को कुसुम वन सरोवर मथुरा, झांसी का किला, रामघाट चित्रकूट, सुबह–ए–बनारस वाराणसी, त्रिवेणी घाट प्रयागराज, रामगढ़ ताल गोरखपुर, राम की पैड़ी अयोध्या समेत 21 स्थलों पर कराने की योजना बनाई है जिसमें लगभग तीन करोड़ बावन लाख रुपए से अधिक की लागत आएगी। प्रत्येक स्थल पर लगभग 15 दिन तक कार्यक्रम कराया जायेगा। इसके लिए प्रति स्थल प्रतिदिन कलाकार का मानदेय 40 हजार रूपये होगा। वहीं कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं के लिए*

*08 हजार रूपये दिये जायेंगे। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इन कार्यक्रमों से श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और राज्य सरकार को राजस्व भी प्राप्त होगा। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

———————

**उत्तर प्रदेश हॉकी टीम ने जालंधर में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चंपियनशिप 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। यूपी की टीम ने क्वार्टर फाइनल में रोमांचक मुकाबले में मध्य प्रदेश की टीम को 2–1 से हराया।**

———————

**प्रदेश में रुक रुक कर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं,फर्रुखाबाद में गंगा, शाहजहांपुर और बाराबंकी में रामगंगा, अयोध्या और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। राज्य के 15 जनपदों में करीब दो लाख 60 हज़ार से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में राज्य के पूर्वी जनपदों में बारिश का अनुमान जताया है।**

**(समाप्त)**